संख्या—2017 / अड़सठ–3–

DGSE - 231
06-01-2020

प्रेषक,

देव प्रताप सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

बेसिक शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ: दिनांक 31 दिसम्बर, 2019

विषय:–मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत छात्रों में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "अन्नकूट" योजना संचालित किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद अमेठी के विकास खंड अमेठी में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में "अन्नकूट" योजना का संचालन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों में पोषण सम्बन्धी जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के उददेश्य से आयोजित की जा रही गतिविधियों आयोजित की जा रही है।

2— उक्त योजना को प्रदेश के समस्त जनपदों में निम्नानुसार संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है:–

(1) अन्नकूट योजना के अंतर्गत विभिन्न भोज्य पदार्थ यथा –हरी/मौसमी सब्जी, फल, अनाज, दाल, गुड़ के विषय में छात्रों को पोषण सम्बन्धी जानकारी दिए जाने हेतु सप्ताह में 02 दिवस 10 मिनट का समय निर्धारित कर चर्चा की जाय।

(2) छात्रों को प्रेरित किया जाय कि वे उक्त दिवसों में स्वेच्छा से कोई एक भोज्य पदार्थ विद्यालय लेकर आयें। भोज्य पदार्थों के सम्बन्ध में ज़ानकारी प्रदान किये जाने के उपरांत उन्हें मिड डे मील में प्रयोग किया जा सकता है।

(3) उक्त प्रक्रिया से न सिर्फ छात्रों की पोषण के संबंध में जानकारी बढ़ेगी, अपितु सामुदायिक सहभागिता भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

(4) सप्ताह के अन्य दिवसों में छात्रों को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की जाय जैसे – महापुरुषों, ऐतिहासिक स्थलों, भारत की प्राचीन संस्कृति, पर्यावरण, जल संरक्षण, स्वछता एवं सामान्य ज्ञान आदि के सम्बन्ध में।

(5) छात्रों को प्रार्थना सभा के दौरान सामान्य ज्ञान/विज्ञान/अन्य विषयों से सम्बंधित एक शीर्षक देकर उस पर वाद–विवाद, ग्रुप डिस्कशन आदि गतिविधियों हेतु प्रेरित किया जाय।

(6) छात्रों को होमवर्क के रूप में चित्रकला, मॉडल मेकिंग आदि कार्य भी दिए जायें और आस–पास आसानी से उपलब्ध सामग्री ही उपयोग किये जाने की सलाह दी जाय।

3— इस योजना के संचालन/क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा कोई अतिरिक्त धनराशि प्रदान नहीं की जायेगी।

4— उपर्युक्त निर्देशों का समस्त विद्यालयों में अनुपालन कराने का कष्ट करें।

DD-1 (MDM)

D.G.S.E.
03/01/2020

भवदीय,

(देव प्रताप सिंह)
विशेष सचिव।

Edu-3 G.O.2019

Scanned with CamScanner

संख्या–2017(1)/अड़सठ–3–2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।

2– शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0, लखनऊ।

3– निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0 लखनऊ।

4– अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0 प्रयागराज।

5– समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0।

6– समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उ0प्र0।

8– समस्त वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(कामता प्रसाद सिंह)

उप सचिव।

Scanned with CamScanner